आकाशवाणी चंडीगढ़

23rd अगस्त 2024, समय 1810

समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ने देश के प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया ।
- राष्ट्रपति ने कहा कि इसरो ने न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामजिक आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है ।
- आज हरियाणा में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को अंतरिक्ष क्षेत्र के बारे में जागरूक किया गया।
- अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए फरीदाबाद के जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सैटेलाइट स्थापित किये जायेंगे।।
- केंद्र सरकार ने एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित 156 दवाओं पर प्रतिबंध लगाया।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन- इसरो ने न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है। आज नई दिल्ली में देश के प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने यह बात कही।

*हमारे निष्ठावान वैज्ञानिकों ने न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके भारत के स्पेस प्रोग्राम को विश्व के श्रेष्ठतम स्पेस प्रोग्राम्स में स्थान दिलाया है। इसके लिए वे सराहनीय के पात्र हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है, हमारे देश में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर प्रगति होती रहेगी तथा हम उत्कृष्टता के नये मानक स्थापित करते रहेंगे।*

राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रगति से स्वास्थ्य, परिवहन, पर्यावरण, ऊर्जा सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और कई अन्य क्षेत्रों को लाभ पहुंचा है। अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को अतीत की बेड़ियों से मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि करीब 70 वर्ष से अंतरिक्ष क्षेत्र ने स्वयं पर थोपी हुई गोपनीयता का लबादा ओढ़ रखा था, जिससे वह संसाधनो और ज्ञान से वंचित था।इस अवसर पर राष्ट्रपति ने इसरो के रोबोटिक्स चेलेंज और भारतीय अंतरिक्ष हैकथॉन के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री धनखड़ ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह दिन आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण प्रगति की याद दिलाता है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्र को अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना करने का भी दिन है।

आज हरियाणा में भी राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया ।पंचकूला के पिंजौर स्तिथ सैंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम गया ।काबिले गौर है कि वर्ष प्रक्षेपण के समय श्री हरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष क्षेत्र में हरियाणा से इस विधालय के छात्र इस पल के साक्षी बने थे विधालय की छात्र लावण्या शर्मा ने बताया

स्कूल में आज अंतरिक्ष विज्ञानं की प्रदर्शनी चित्रकला प्रतियोगिता और प्रस्नोतरी किया गया । अम्बाला छावनी के 12 क्रॉस रोड स्तिथ राजकीय माध्यमिक विधालय में भी राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों के चंद्रयान तृतीय की सफल लैंडिंग बारे जानकारी दी गयी अंतरिक्ष जागरूकता को लेकर कई प्रतियोगितायें करवाई गई ।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। भू-भौतिकी विभाग के प्रो. भगवान सिंह ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के कार्यों और उपलब्धियों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया।उन्होंने बताया कि किस तरह से भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में तमाम उपलब्धियों की श्रृंखला कायम की। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला पहला राष्ट्र बना। प्रोफेसर सिंह ने 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' की भावी अनुसंधान योजनाओं - पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान, गगनयान एवं शुक्रयान आदि के बारे में महत्वपूर्ण विचार विद्यार्थियों से साझा किए एवं विद्यार्थियों की शंकाओं का निवारण करते हुए उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।इस व्याख्यान के माध्यम से भूगोल में सुदूर संवेदन के महत्व और संभावनाओं के बारे में बताया गया ।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी युग में भारत 5जी नेटवर्क की संचार शक्ति से विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वह आज विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी द्वारा 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के अवसर पर आयोजित 5वें अनलाइन अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन 'मोबाईल रेडियो

संचार, 5जी नेटवर्क' विषय पर किया गया। प्रोफेसर सचदेवा ने कहा कि 5जी नेटवर्क से संचार के क्षेत्र में आई क्रांति ने शिक्षा, विज्ञान, औद्योगिक तथा वैश्विक चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों एवं इंजीनियर्स ने ज्ञान, विज्ञान, संचार एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया है।

---

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए फरीदाबाद के जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सैटेलाइट क्लब स्थापित होंगे। यह क्लब छात्रों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़ी परियोजनाओं और गतिविधियों पर काम करने के लिए अवसर प्रदान करेंगे। छात्रों को उपग्रह इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकियों के लिए व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा। प्रो. सुशील कुमार तोमर तोमर ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को लेकर संकाय सदस्यों में समझ विकसित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुवनंतपुरम में उनके लिए शैक्षणिक दौरे की व्यवस्था करेगा।यह जानकारी प्रो. सुशील कुमार तोमर ने आज विश्वविद्यालय के अनुसंधान और विकास प्रकोष्ठ के तहत इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन व स्टार्टअप डिवीजन तथा गणित विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दी। यह कार्यक्रम चंद्रयान-3 मिशन की सफलता की वर्षगांठ के उपलक्ष में मनाये जा रहे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर आयोजित किया गया था। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के थीम 'चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना, भारत की अंतरिक्ष गाथा' पर व्याख्यान आयोजित किये गये। कार्यक्रम में जापान के नागासाकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ताकाओ कोमात्सु और दिल्ली की एयरो एकेडमी ऑफ एविएशन साइंस एंड मैनेजमेंट के अध्यक्ष प्रोफेसर दीवाकर गोयल ने आमंत्रित वक्ता के तौर पर भाग लिया ।अपने व्याख्यान में प्रो. ताकाओ कोमात्सु ने गणित में डायोफैंटाइन फ्रोबेनियस समस्याके बारे विस्तार से बताया वहीं प्रो. दीवाकर गोयल ने 'नागरिक उड्डयन क्षेत्र में कैरियर की संभावनाओं' पर प्रकाश डाला।

---

केंद्र सरकार ने एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित 156 दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि एक समीक्षा के बाद पाया गया कि इनसे स्वास्थ्य को खतरा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि इन 156 दवाओं में निश्चित मात्रा में खुराक संयोजन तर्कहीन है। मंत्रालय ने कहा कि इन दवाओं के इस्तेमाल से लोगों को खतरा होने की संभावना है जबकि इनके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार और ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड - डीटीएबी की एक विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई जांच के बाद यह निर्णय लिया गया है।

---

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने हर मतदाता से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने और मतदाता सूची में अपना नाम होना सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा 12 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, , फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।हरियाणा राज्य निर्वाचन कार्यालय की वेबसाइट या वोटर हेल्पलाइन नंबर- 1950 पर कॉल करके कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम देख सकता है ।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने कहा है कि आयोग द्वारा हरियाणा पुलिस में पुरुष व महिला सामान्य ड्यूटी सिपाही के पदों के लिए लिखित परीक्षा परसो 25 अगस्त को ली जाएगी।उन्होंने बताया कि पुरुष सिपाहियों की लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र कुरुक्षेत्र व करनाल में जबकि महिलाओं के लिए परीक्षा केंद्र पंचकूला में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कुल 84 केंद्रों पर 24003 उम्मीदवार परीक्षा में बैठेंगे ।उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किये गए हैं। प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की जांच होगी और बायोमेट्रिक पहचान से ही उनका प्रवेश होगा। पूरे परीक्षा संचालन की वीडियोग्राफी व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी, आयोग के पंचकूला मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष से भी परीक्षा संचालन पर नजर रखी जाएगी । अध्यक्ष ने बताया कि अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक आने व जाने के लिए हरियाणा परिवहन की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है।